This Question Paper consists of **29** questions and **10** printed pages + Outline Map of **India**.
इस प्रश्न–पत्र में **29** प्रश्न तथा **10** मुद्रित पृष्ठ **+ भारत** का रेखा–मानचित्र हैं ।

Roll No. | | | | | | | | | | | | |
अनुक्रमांक

**Code No.** **64/OS/2**
**कोड नं.**

# SOCIAL SCIENCE
# (सामाजिक विज्ञान)
# (213)

**SET/सेट** **C**

Day and Date of Examination ..........................................................................
(परीक्षा का दिन व दिनांक)

Signature of Invigilators 1. ..........................................
(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)

2. ..........................................

***General Instructions :***

1. Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.
2. Please check the Question Paper to verify that the total pages and total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.
3. For the objective type of questions, you have to choose any **one** of the four alternatives given in the question i.e. (A), (B), (C) or (D) and indicate your correct answer in the Answer-Book given to you.
4. All the questions including objective-type questions are to be answered within the allotted time and no separate time limit is fixed for answering objective-type questions.
5. Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.
6. Write your Question Paper Code No. **64/OS/2, Set** **C** on the Answer-Book.
7. (a) The Question Paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any **one** of the languages listed below :
   English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Odia, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.
   You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the Answer-Book.
   (b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the questions will be yours only.

**सामान्य अनुदेश :**

1. परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें ।

2. कृपया प्रश्न–पत्र को जाँच लें कि प्रश्न–पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है । इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं ।

3. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) तथा (D) में से **कोई एक** उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर–पुस्तिका में आप सही उत्तर लिखिए ।

4. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के साथ–साथ सभी प्रश्नों के उत्तर निर्धारित अवधि के भीतर ही देने हैं । वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए अलग से समय नहीं दिया जाएगा ।

5. उत्तर–पुस्तिका में पहचान–चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा ।

6. अपनी उत्तर–पुस्तिका पर प्रश्न–पत्र की कोड संख्या **64/OS/2, सेट C** लिखें ।

7. (क) प्रश्न–पत्र केवल अंग्रेजी/हिंदी में है । फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी **एक** भाषा में उत्तर दे सकते हैं :

   अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, पंजाबी, बंगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगू, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिंधी ।

   कृपया उत्तर–पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं ।

   (ख) यदि आप हिंदी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं तो प्रश्नों को समझने में होने वाली त्रुटियों/गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी ।

# SOCIAL SCIENCE
# (सामाजिक विज्ञान)
## (213)

Time : **3** Hours ] [ Maximum Marks : **100**

समय : **3** घण्टे ] [ पूर्णांक : **100**

**Note :** (i) **All** questions are compulsory and carry marks as indicated against each question.

(ii) For Multiple Choice Questions **four** options are given. You have to choose the right option and write it in your answer-book.

(iii) Attach the map with your Answer-Book.

**निर्देश :** (i) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं और प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

(ii) बहुविकल्पीय प्रश्नों के **चार** विकल्प दिए गए हैं । आप सही विकल्प चुनिये और अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए ।

(iii) दिए गए रेखा–मानचित्र को अपनी उत्तर–पुस्तिका के साथ संलग्न कीजिए ।

1. The word 'Monsoon' has been derived from which one of the following languages ? **1**

(A) Arabic (B) Latin
(C) Greek (D) English

'मानसून' शब्द निम्नलिखित भाषाओं में से किस एक से लिया गया है ?

(A) अरबी (B) लैटिन
(C) ग्रीक (D) अंग्रेजी

2. Which of the following awards / titles is not given by the Government of India to its brave soldiers for their gallantry ? **1**

(A) Padma Vibhushan (B) Rai Bahadur
(C) Paramveer Chakra (D) Bharat Ratna

निम्नलिखित में से कौन सा पुरस्कार/उपाधि भारत सरकार द्वारा उसके वीर सैनिकों को उनकी बहादुरी के लिए नहीं दी जाती है ?

(A) पद्म विभूषण (B) रायबहादुर
(C) परमवीर चक्र (D) भारत रत्न

3. $19^{th}$ November is celebrated as which one of the following days in our country ? **1**

(A) Paryavaran Divas (B) Qaumi Ekta Divas

(C) Children's Day (D) Sadbhavana Divas

हमारे देश में 19 नवम्बर को निम्नलिखित में से किस दिवस के रूप में मनाया जाता है ?

(A) पर्यावरण दिवस (B) कौमी एकता दिवस

(C) बाल दिवस (D) सद्भावना दिवस

4. Scheduled Tribes and Other Traditional Forest Dwellers Act (Recognition of Forest Rights Act) was passed in which one of the following years ? **1**

(A) 2002 (B) 2004

(C) 2006 (D) 2008

अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पारम्परिक वनवासी अधिनियम (वन अधिकार मान्यता अधिनियम) निम्नलिखित वर्षों में से किस वर्ष में पारित हुआ था ?

(A) 2002 (B) 2004

(C) 2006 (D) 2008

5. Name any two Persian painters of the Mughal court. **2**

मुगल दरबार के किन्हीं दो फारसी चित्रकारों के नाम लिखिए ।

6. Point out two types of changes which come in the environment of a certain place over a period of 20 or 30 years. **2**

किसी स्थान के पर्यावरण में 20–30 वर्षों में आने वाले किन्हीं दो प्रकार के परिवर्तनों को इंगित कीजिए ।

7. Mention two regions of India which have dense natural vegetation. **2**

भारत के सघन प्राकृतिक वनस्पति वाले दो क्षेत्रों का उल्लेख कीजिए ।

8. Mention any two levels of a three-tier Panchayati Raj system. **2**

त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था के किन्हीं दो स्तरों का उल्लेख कीजिए ।

9. Describe the changes that came in Italy after the French Revolution. **4**

फ्रांस की क्रांति के पश्चात् इटली में आए हुए परिवर्तनों का वर्णन कीजिए ।

10. Describe the impacts of 'social and religious reform movements' on the Indian society. **4**

भारतीय समाज पर 'सामाजिक और धार्मिक सुधार आंदोलनों' के प्रभावों का वर्णन कीजिए ।

11. Explain the significance of Peasant Movements in India during $19^{th}$ century. **4**

19वीं शताब्दी में भारत में हुए किसान आंदोलनों के महत्त्व की व्याख्या कीजिए ।

12. "India has a unique geographical location." Support the statement. **4**

"भारत की भौगोलिक स्थिति अनोखी है ।" इस कथन की पुष्टि कीजिए ।

13. Explain the making of United Nations Organization after the Second World War. **4**

द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात् संयुक्त राष्ट्र संघ के गठन की व्याख्या कीजिए ।

14. Why did British seek to restrict development of India ? Explain any four reasons. **4**

अंग्रेजों ने भारत के विकास को प्रतिबंधित करने की कोशिश क्यों की ? कोई चार कारणों को स्पष्ट कीजिए ।

15. Describe the distribution of groundnut production in India. Also mention India's place in world in production of groundnut. **3 + 1 = 4**

भारत में मूँगफली उत्पादन के वितरण का वर्णन कीजिए । भारत का संसार में मूँगफली के उत्पादन में स्थान का भी उल्लेख कीजिए ।

16. How are the 'Train blockage' (Rail Roko) as a protest is harmful for the nation and the individuals ? Explain. **4**

विरोध प्रदर्शन के रूप में 'रेल रोको' देश तथा व्यक्तियों के लिये किस प्रकार हानिकारक है ? स्पष्ट कीजिए ।

17. Examine why empowerment of women is essential in our country. **4**

परीक्षण कीजिए कि हमारे देश में महिला सशक्तीकरण क्यों अत्यंत आवश्यक है ।

18. Describe any four functions of a Gram Panchayat other than obligatory and discretionary functions. **4**

एक ग्राम पंचायत के अनिवार्य तथा ऐच्छिक कार्यों के अतिरिक्त किन्हीं चार कार्यों का वर्णन कीजिए ।

19. Describe the specific features of coalitional politics in India. Cite one example of such a government. **4**

भारत में गठबंधन की राजनीति के विशिष्ट लक्षणों की व्याख्या कीजिए । इस प्रकार की सरकार का एक उदाहरण दीजिए ।

20. Why are elections important ? Explain any four reasons. **4**

चुनाव महत्त्वपूर्ण क्यों होते हैं ? कोई चार कारण स्पष्ट कीजिए ।

21. How do the terrorists compel the government to accept their demands ? Explain. **4**

आतंकवादी अपनी माँगों को मनवाने के लिये किस प्रकार से सरकार को बाध्य करते हैं ? स्पष्ट कीजिए ।

22. Explain any four factors affecting the climate of India. **4**

भारत की जलवायु को प्रभावित करने वाले किन्हीं चार कारकों की व्याख्या कीजिए ।

23. "How can we transform India with great speed ?" Explain the statement in the light of Pt. Jawahar Lal Nehru's views given in his book "Discovery of India". **4**

"हम भारत को किस प्रकार तेज गति से बदल सकते हैं ?" इस कथन की व्याख्या पण्डित जवाहरलाल नेहरू के उनकी पुस्तक "भारत की खोज" में दिये गये विचारों के प्रकाश में कीजिए ।

24. Describe the achievements of Emperor Ashoka. **5**

सम्राट अशोक की उपलब्धियों का वर्णन कीजिए ।

25. Analyze the causes of Khilafat and Non-Cooperation Movement. **5**

खिलाफत तथा असहयोग आंदोलन के कारणों का विश्लेषण कीजिए ।

26. Describe the challenges faced by India at the time of Independence which forced our constitution makers to give India a strong Central Government. **5**

स्वाधीनता के समय भारत द्वारा सामना की गयीं उन चुनौतियों का वर्णन कीजिए, जिनके कारण हमारे संविधान निर्माताओं को भारत को एक शक्तिशाली केन्द्रीय सरकार देनी पड़ी ।

27. Examine India's support to United Nations and Indian commitment to strengthen it furthermore. **5**

संयुक्त राष्ट्र संघ को भारत के सहयोग तथा उसे और सशक्त बनाने में भारत की प्रतिबद्धता की परख कीजिए ।

28. In the given political outline map of India mark and label the following with appropriate symbols : **1 × 4 = 4**

(i) Vindhya Range

(ii) Brahmaputra River

(iii) Paradeep Port

(iv) Major wheat producing areas of Haryana

भारत के दिये गये राजनीतिक रेखा–मानचित्र में निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नों की सहायता से दर्शाइये तथा उनके नाम लिखिये :

(i) विंध्य पर्वतमाला


(ii) ब्रह्मपुत्र नदी

(iii) पारादीप पत्तन

(iv) हरियाणा के प्रमुख गेहूँ उत्पादक क्षेत्र

29. Identify and write in your answer-book the correct names of four national parks situated in Madhya Pradesh and Maharashtra marked as A, B, C and D in the given political outline map of India. **1 × 4 = 4**

दिये गये भारत के राजनीतिक रेखा–मानचित्र में मध्य प्रदेश तथा महाराष्ट्र में स्थित चार राष्ट्रीय उद्यानों को A, B, C तथा D से दर्शाया गया है । इन्हें पहचानिए तथा इनके सही नाम अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए ।



**Note :** The following questions are for **Visually Impaired Candidates** only in place of questions **28** and **29** : **2 × 4 = 8**

Answer to each of these questions must not be in more than **one** sentence.

(1.1) Write name of highest peak of Western Ghats. Mention its height.

(1.2) Name two tributaries of Indus which flow through Kashmir.

(1.3) Name any two types of animals found in Kanha National Park.

(1.4) Name the two southern major cities situated on the Golden Quadrilateral.

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न **केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिये प्रश्न संख्या **28** तथा **29** के स्थान पर हैं ।

इन प्रश्नों में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर मात्र **एक** वाक्य में लिखिए ।

(1.1) पश्चिमी घाट के सबसे ऊँचे शिखर का नाम तथा उसकी ऊँचाई लिखिए ।

(1.2) कश्मीर में से होकर बहने वाली सिन्धु नदी की दो सहायक नदियों के नाम लिखिए ।

(1.3) कान्हा राष्ट्रीय उद्यान में पाये जाने वाले किन्हीं दो प्रकार के जानवरों के नाम लिखिए ।

(1.4) स्वर्णिम चतुर्भुज पर स्थित दो दक्षिणी प्रमुख नगरों के नाम लिखिए ।

---


Map for Q. No. **28**

प्रश्न सं. **28** के लिए रेखा–मानचित्र

**Roll No.**
**रोल नं.**

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | |

**Political Outline Map of India**
**भारत का राजनीतिक रेखा–मानचित्र**




Cut Here यहाँ से काटें